# दिव्य दर्शन है बाबा का दिव्य ये दरबार है भजन लिरिक्स

दिव्य दर्शन है बाबा का,
दिव्य ये दरबार है,
दिव्य श्याम की मूर्ति,
और दिव्य ये श्रृंगार है,
दिव्य हैं ये प्रेमी सारे,
बैठे हैं दरबार में,
दिव्य श्याम का नूर है जो,
फैला है संसार में।bd।

---

आपकी कृपा से बाबा,
हो रहे सब काम है,
आपकी कृपा से बाबा,
जग में मेरा नाम है,
आपकी कृपा से बाबा,
ले रहे हम श्वास हैं,
आपकी कृपा ही बाबा,
जगत में विख्यात है,
धाम ऊँचा नाम ऊँचा,
सच्चा ये दरबार है,
आपका गुणगान बाबा,
कर रहा संसार है।bd।

---

भक्त तेरे दर पे आये,
हाथ अपने पसार कर,
एक आशा सबकी है,
बाबा तू हमसे प्यार कर,
हम तो तेरे दास हैं,
हम सबको तेरी आस है,
तेरे ही तो दर्श की,
भक्तों को तेरे प्यास है,
दिव्यता का भान बाबा,
हमको तेरा हो गया,
अब तो बेडा पार 'सचिन',
हम जो सबका हो गया।bd।

---

दिव्य दर्शन है बाबा का,
दिव्य ये दरबार है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दिव्य श्याम की मूर्ति,
और दिव्य ये श्रृंगार है,
दिव्य हैं ये प्रेमी सारे,
बैठे हैं दरबार में,
दिव्य श्याम का नूर है जो,
फैला है संसार में।bd।

**Singer & Writer – Sachin Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com